भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 559

दिनांक 20.11.2019 को उत्तर देने के लिए

विदेशों में फंसे भारतीय

559. श्री दयाकर पसुनूरीः

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः

श्री एन. रेड्डप्पः

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास उन भारतीयों का ब्यौरा है जो इराक, लीबिया या अन्य देशों में फंसे हैं/फंसे थे/कैद थे और यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने प्रत्येक देश में फंसे इन लोगों को कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हां, तो खोले गए मदद डेस्क का ब्यौरा क्या है और विदेशों में फंसे इन व्यक्तियों के साथ कैसा बर्ताव किया गया और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) कितने भारतीय देश लौट गए हैं और कितने भारतीय इराक, लीबिया और अन्य देशों में अभी भी फंसे हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान विभिन्न देशों में 77 भारतीय फंसे/कैद हैं। देश-वार सूची अनुबंध में दी गई है।

(ख) विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा एवं सलामती भारत सरकार के लिए सर्वाधिक चिंता का विषय है। सरकार संघर्ष-ग्रस्त देशों में स्थिति पर करीबी नज़र रखती है, आवश्यकता होने पर परामर्शी जारी करती है और बंधक बनाए जाने/अपहरण की घटनाओं को रोकने के लिए नियमित रूप से स्थानीय प्राधिकारियों के संपर्क में रहती है और साथ ही कैद व्यक्तियों की रिहाई सुरक्षित करने के लिए हर प्रयास करती है। मंत्रालय/ विदेश स्थित संबन्धित भारतीय मिशन/केंद्र भी उनके परिवार के सदस्यों को समय पर जानकारी प्रदान करता है। ऐसे असहाय भारतीयों की माली हालत को देखते हुए सहायता पाने योग्य मामलों में विदेशों में भारतीय मिशनों/केन्द्रों द्वारा भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडबल्यूएफ) के तहत वित्तीय सहायता दी जाती है।

(ग) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 77 भारतीयों में से 73 को भारत वापस आ चुके है, 1 व्यक्ति की कैद में ही मृत्यु हो गई है तथा 3 व्यक्ति अभी भी कैद में हैं। भारत सरकार शेष 3 भारतीयों को शीघ्र भारत लौटाने के लिए उनके मामलों में पूरी सक्रियता से लगी हुई है।

***

		अनुबंध
विदेश में फंसे भारतीय (20.11.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)		
क्र. सं.	देश का नाम	विदशों में फंसे/कैद भारतीयों की संख्या
1	अफगानिस्तान	10
2	क्यूबा	2
3	इराक	1
4	केन्या	10
5	म्यांमार	5
6	नाइजीरिया	43
7	सर्बिया	1
8	दक्षिण अफ्रीका	3
9	दक्षिण सूडान	2
कुल		77

***